श्री विष्णु देव पासवान, माननीय स०वि०स० से प्राप्त

तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/2086 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड के सोहगरा घाट के गुठनी, दरौली, आंदर एवं सिसवन तक गंडक सरयू नदी का कटाव विगत कई वर्षों से हो रहा है जिसके कारण प्रतिवर्ष सोनहुला, धरमपुर, तीरबलुआ, ग्यासपुर लगभग 50 गावों का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के कटाव को रोकने हेतु कबतक कटाव रोध कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि सिवान जिला छोटी गंडकी नदी एवं घाघरा नदी के बायें तट पर अवस्थित है। सिवान जिला के गुठनी, दरौली, आंदर, रघुनाथपुर एवं सिसवन प्रखंड अन्तर्गत छोटी गंडकी/घाघरा नदी के बायें तट पर 68 किलोमीटर की लंबाई में 7 नं० गोगरा तटबंध निर्मित है, जो सिवान जिला को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करता है। प्रश्नगत सोनहुला एवं धरमपुर ग्राम तटबंध के कन्ट्री भाग में तथा ग्यासपुर एवं तीरबलुआ ग्राम तटबंध के नदी भाग में अवस्थित है। वर्तमान में ग्यासपुर ग्राम की नदी तट से औसतन दूरी 200 मीटर है एवं स्थल सुरक्षित है। प्रश्नगत तीरबलुआ ग्राम की नदी तट से औसतन दूरी 30 मीटर है। इस स्थल के समीप बाढ़ 2026 पूर्व कटाव निरोधक कार्य प्रगति में है, जिसे 15 मई 2026 तक पूर्ण कर लिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। सिवान जिलान्तर्गत विभिन्न स्थलों के समीप प्रत्येक वर्ष आवश्यकतानुसार कटाव निरोधक कार्यों का कार्यान्वयन कराया जाता है तथा बाढ़ अवधि के दौरान कटाव होने पर विभिन्न स्थलों पर तत्काल बाढ़ संघर्षात्मक कार्य भी कराया जाता है। प्रश्नगत प्रभाग में कुल 8 अदद स्थलों पर कटाव निरोधक कार्य प्रगति में है, जिसे 15 मई 2026 तक पूर्ण कर लिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अतिरिक्त 3 अदद स्थलों पर कटाव निरोधक कार्य का प्रस्ताव आपदा प्रबंधन विभाग को समर्पित है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्यान्वयन कराया जा सकेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–78 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2086 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–78 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–78 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–78 / 2026– 1366 पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo